BSES

40 प्रतिशत कम कीमत पर एनर्जी एफिशिएंट फाइवस्टार पंखे

बीएसईएस उपभोक्ताओं के लिए कम बिजली खपत करने वाले फाइवस्टार पंखे लॉन्च

- ये पंखे कम बिजली खपत करेंगे जिससे उपभोक्ताओं को सालाना 1250 रूपये तक की बचत होगी
- बीएसईएस क्षेत्र में सालाना 20 मिलियन यूनिट बिजली का लोड भी कम होगा

नई दिल्लीः 27 मार्च। बीएसईएस ने अपने उपभोक्ताओं के लिए कम बिजली खपत करने वाले एनर्जी एफिशिएंट, फाइवस्टार पंखे पेश किए हैं। उपभोक्ताओं को ये पंखे, बाजार से करीब 40 प्रतिशत कम कीमतों पर उपलब्ध कराए जाएंगे।

पहले चरण में 2.5 लाख पंखे रखे जाएंगे, जिनकी कीमत 1150 रूपये होगी, जबकि बाजार में इस पंखे की कीमत करीब 1800 रूपये है। इन पंखों पर दो साल की वॉरंटी भी दी जाएगी। यह स्कीम 31 दिसम्बर, 2018 तक के लिए लागू है। पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर ये पंखे उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराए जाएंगे। यहां यह बताना जरूरी होगा कि जिन उपभोक्ताओं पर कोई बकाया है, उन्हें ये पंखे नहीं मिल पाएंगे। ये पंखे बीएसईएस के चुनिंदा ऑफिसों से खरीदे जा सकेंगे।

बीएसईएस ने अत्याधुनिक तकनीक पर आधारित पंखों की यह स्कीम ईईएसएल यानी एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड के साथ मिलकर शुरू की है। गौरतलब है कि इससे पहले बीएसईएस अपने उपभोक्ताओं को काफी कम कीमतों पर 60 लाख एलईडी बल्ब उपलब्ध करा चुकी है।

उपभोक्ताओं को फायदाः

पारंपरिक पंखे जहां 75 वॉट बिजली की खपत करते हैं, वहीं ये फाइवस्टार रेटेड पंखे 50 वॉट बिजली की खपत करेंगे। अगर बिल में बचत की बात करें, तो एक घरेलू उपभोक्ता को प्रति पंखा सालाना 335 रूपये से 1250 रूपये तक की बचत हो सकती है। यह बचत पंखे के इस्तेमाल पर निर्भर करेगी।

पर्यावरण बेहतर बनाने में मददः

ये पंखे पर्यावरण को बेहतर बनाने में अपनी भूमिका निभाएंगे। दरअसल, बिजली का प्रमुख स्रोत कोयला आधारित पावर प्लांट्स हैं, जहां बिजली बनाने पर भारी मात्रा में कोयले को जलाया जाता है। बड़े पैमाने पर कोयला जलाने से वातावरण में सीओ2 की मात्रा बढ़ती है और प्रदूषण फैलता है। इन फाइवस्टार पंखों से बीएसईएस क्षेत्र में सालाना 20 मिललियन यूनिट का बिजली लोड कम होगा। इसका अर्थ हुआ कि 20 मिलियन यूनिट बिजली को बनाने में जितना कोयला जलता और जितना सीओ2 पर्यावरण में घुलता, वह अब नहीं होगा।

बीएसईएस को फायदाः

इन पंखों के इस्तेमाल से बीएसईएस को भी फायदा होगा। हांलांकि बिजली की पीक डिमांड काफी कम समय के लिए रहती है, लेकिन यह बिजली की मांग को अचानक बढ़ा देती है, जिससे बिजली खरीद की लागत में बढ़ोतरी हो जाती है। इससे डिस्ट्रिब्यूशन और ट्रांसमिशन का खर्च भी बढ़ जाता है। कम कीमतों में फाइवस्टार पंखे लॉन्च करने की इस पहल से पीक–आवर का लोड कम होगा, जिससे बिजली खरीद की लागत पर भी सकारात्मक असर पड़ने की उम्मीद है।

बीएसईएस प्रवक्ता के मुताबिक, सामाजिक प्रतिबद्धताओं से लैस युटिलिटि होने के नाते बीएसईएस हमेशा ही ऊर्जा संरक्षण के मुद्दे को प्रोत्साहित करती रही है। बीएसईएस ने पहले एलईडी बल्ब्स और रूफटॉप सौर ऊर्जा नेट मीटरिंग जैसे टिकाऊ और बेहतर परिणाम देने वाली स्कीमें लॉन्च कीं। इसी कड़ी में अब फाइव स्टार पंखे भी लॉन्च किए गए हैं। बिजली की बचत करने वाली इस तरह की पहल से धरती को हरा–भरा बनाने में मदद मिलेगी।

दिल्ली की प्रमुख बिजली वितरण कंपनियां बीआरपीएल और बीवाईपीएल रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के बीच संयुक्त उद्यम हैं।

....